# ASHTALAKSHMI MAHOTSAV

The Ashtalakshmi Mahotsav, an annual event initiated by the Ministry of Development of North Eastern Region (DoNER), is a landmark celebration dedicated to showcasing the vast cultural and economic potential of Northeast India. As the eight states of the Northeast—Arunachal Pradesh, Assam, Manipur, Meghalaya, Mizoram, Nagaland, Sikkim, and Tripura—are often referred to as the 'Ashtalakshmi' or eight forms of prosperity, this event aptly captures their essence, highlighting their contributions to India's economic, cultural, and social fabric.

One of the major highlights of the Ashtalakshmi Mahotsav is the textile exhibition, which includes specialized pavilions for Muga and Eri Silk. These two silk varieties are not only integral to the region's economy but are also symbols of its sustainable and eco-friendly practices. Muga silk, with its natural golden sheen, is unique to Assam, while Eri silk is celebrated as the only "vegan silk" in the world, as it is produced without harming the silkworm. Visitors to the event will get a firsthand look at the intricate processes involved in silk production, as well as exclusive designer collections at both the Muga Silk and Eri Silk Pavilions.

The event will feature an array of handcrafted products that have earned GI status. These products, ranging from textiles to food items, are recognized for their authenticity and strong cultural roots. This exclusive pavilion will provide visitors with the opportunity to explore and purchase a variety of Northeast Indian GI products, such as the famed Muga silk from Assam, Manipuri black pottery, and Naga chili. The pavilion will also serve as an educational space where attendees can learn about the history, significance, and production processes of these unique items. This conclave aims to bridge the gap between traditional craftspeople and modern designers, fostering collaborations that can take the region's crafts to new heights.

A special fashion show will be held to showcase the fusion of contemporary design with traditional textiles. The Fashion Show will feature top designers from the region collaborating with local artisans to create breathtaking ensembles that highlight the versatility and beauty of Northeast Indian textiles. From Muga silk gowns to Eri silk stoles, the runway will be a testament to the region's growing influence in the global fashion industry.

In addition to promoting culture and fashion, the Mahotsav is a powerful tool for economic development. The Buyer-Seller Meet, Investor Round Table, and Panel Discussions, core components of the event, will bring together manufacturers, artisans, and traders from Northeast India with buyers and investors from across the country and beyond. This platform will enable direct interactions, fostering long-term business relationships and facilitating bulk orders, which will be crucial for the artisans of the region. The Mahotsav is as much a cultural celebration as it is an economic one. Each day of the event will feature Northeast India Cultural Shows, showcasing the region's diverse and colorful traditions. Local bands and cultural performances will give visitors a taste of the region's rich heritage.

Overall, the Mahotsav is not just a showcase of Northeast India's cultural and economic potential but a celebration of its place within the broader national and global framework. Through this event, the Ministry of DoNER hopes to highlight the richness of Northeast India's heritage while opening up new avenues for trade, investment, and collaboration, ultimately contributing to the holistic development of the region.

## Significance of the Stamp

The Octagram used in the logo is inspired by the symbol "Star of Lakshmi," which represents spirituality, material wealth, agriculture, royalty, knowledge, courage, progeny, and victory. The logo signifies the eight states of the Northeast, each bearing the manifestation of the eight forms of the goddess of wealth and prosperity. By combining the rising sun and the octagram, the logo emphasizes the importance of each state in the Northeast in leading India towards growth and prosperity.

The "Xorai," a traditional utensil, is a symbol of hospitality and reverence in Assam. It is used to offer "Tamul Paan," a betel leaf and nut mixture, to welcome guests. In sacred places like "Naamghars," it serves as a vessel to present Prasad to the divine. Beyond its practical uses, the "Xorai" is also a cherished gift, often presented to honored individuals as a token of respect.

Meghalaya is renowned for its golden fruit – the pineapple. With its perfect climate and skilled farmers, this golden fruit positions the state as a leader in sustainable agriculture. Meghalaya's pineapples are a symbol of economic vibrancy and environmental responsibility.

Bamboo is deeply woven into the culture and economy of Tripura. From traditional rituals to modern construction, bamboo plays a vital role. It not only strengthens homes but also empowers communities through handicrafts and sustainable industries.

The graceful Sangai, Manipur's state animal, is a rare and beautiful deer. With its distinctive antlers, it is often called the dancing deer. The Sangai is an endemic and endangered subspecies of Eld's deer found only in Manipur, India.

The Mithun, or the Indian Bison's head with its impressive horns, is a symbol of wealth, prosperity, and fertility. This unique bond between humans and Mithuns reflects the rich cultural heritage of Nagaland.

The Cheraw dance is a cherished tradition of Mizoram and is a celebration of life, performed at various festivities. The dancers, holding bamboo staves, create intricate patterns inspired by the beauty of nature.

The great Indian hornbill is a symbol of courage, tradition, and ecological balance in Arunachal Pradesh. The hornbill's beak is a mark of manhood and valor. These magnificent birds play a crucial role in maintaining the health of the forest, earning them the title "farmers of the forest."

The endless knot, a symbol of eternal wisdom and compassion, is deeply revered in Sikkim. It represents the interconnectedness of all beings and the endless cycle of life, death, and rebirth. This sacred symbol is often found in jewellery, religious artifacts, and traditional art forms, reminding us of the profound teachings of Buddhism.

To commemorate the Ashtalakshmi Mahotsav, the Department of Posts is proud to release a Commemorative Postage Stamp celebrating the rich cultural and economic heritage of Northeast India. This event, initiated by the Ministry of Development of North Eastern Region (DoNER), highlights the prosperity and diversity of the eight states of Northeast India — Arunachal Pradesh, Assam, Manipur, Meghalaya, Mizoram, Nagaland, Sikkim, and Tripura. Through this stamp, the Department of Posts honors the region's unique crafts, textiles, and traditions, showcasing its immense potential for cultural exchange, economic development, and global recognition.


**Credits:**

| | | |
|---|---|---|
| Stamp/FDC/Brochure/ Cancellation Cachet | : | Ms. Gulistaan |
| Text | : | Based on information received from proponent |


भारतीय डाक
India Post
डाक विभाग
Department of Posts

# अष्टलक्ष्मी महोत्सव
# ASHTALAKSHMI MAHOTSAV

विवरणिका
BROCHURE



## अष्टलक्ष्मी महोत्सव

अष्टलक्ष्मी महोत्सव, पूर्वोत्तर भारत की समृद्ध संस्कृति और संभावित आर्थिक क्षमताओं को दर्शाने वाला प्रमुख वार्षिक उत्सव है। यह, उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय (डीओएनईआर) द्वारा की गई एक विशिष्ट पहल है। पूर्वोत्तर के आठों राज्य नामतः अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा को सामान्यतः 'अष्टलक्ष्मी' या समृद्धि के आठ रूप के नाम से जाना जाता है। यह उत्सव भारत के आर्थिक, सांस्कृतिक और सामाजिक ताने–बाने में पूर्वोत्तर राज्यों के योगदान को रेखांकित करते हुए उनकी विशिष्ट पहचान को दर्शाता है।

अष्टलक्ष्मी महोत्सव का प्रमुख आकर्षण वस्त्र प्रदर्शनी है, जिसमें मूगा और एरी सिल्क (रेशम) के विशिष्ट पैवेलियन शामिल किए गए हैं। रेशम की ये दो किस्में न केवल पूर्वोत्तर क्षेत्र की अर्थव्यवस्था का अभिन्न अंग हैं, बल्कि उनकी दीर्घकालिक एवं पर्यावरण अनुकूल पहलों का भी प्रतीक हैं। प्राकृतिक सुनहरी चमक वाला मूगा सिल्क असम की विशिष्ट पहचान है, जबकि एरी सिल्क को दुनिया के एकमात्र ''वीगन सिल्क'' के रूप में जाना जाता है। यह सिल्क, रेशम के कीड़ों को नुकसान पहुंचाए बिना तैयार किया जाता है। इस महोत्सव में आने वाले दर्शकों को मूगा सिल्क और एरी सिल्क पैवेलियनों में न केवल रेशम उत्पादन की जटिल प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी मिलेगी, बल्कि विशिष्ट डिजाइनर कलेक्शन देखने का अवसर भी प्राप्त होगा।

इस महोत्सव में विविध हस्तकला उत्पाद भी प्रदर्शित किए जाएंगे, जिन्हें जीआई का दर्जा प्राप्त है। इन उत्पादों में वस्त्रों से लेकर ऐसी खाद्य वस्तुएं शामिल हैं, जो अपनी मौलिक और विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान के लिए जाने जाती हैं। इस विशेष पैवेलियन में दर्शकों को पूर्वोत्तर भारत के विविध जीआई उत्पादों जैसे असम का प्रसिद्ध मूगा सिल्क, मणिपुर के काली मिट्टी के बर्तन और नागा मिर्च देखने एवं खरीदने का अवसर प्राप्त होगा। यह पैवेलियन, इस महोत्सव में भाग लेने वाले लोगों को इन अनूठी वस्तुओं के इतिहास, महत्व और उत्पादन प्रक्रिया के बारे में जानकारी पाने का अवसर भी प्रदान करेगा। इस सम्मेलन का उद्देश्य पारंपरिक शिल्पकारों और आधुनिक डिजाइनरों के बीच की खाई को पाटते हुए ऐसे सहयोग को बढ़ावा देना है, जो पूर्वोत्तर की शिल्पकला को नई ऊंचाइयों पर ले जा सके।

इस कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक वस्त्रों पर नवीन डिजाइन से तैयार परिधानों को दर्शाता एक विशेष फैशन शो भी आयोजित किया जाएगा। इस फैशन शो में पूर्वोत्तर के शीर्ष डिजाइनर, स्थानीय कारीगरों के साथ मिलकर खूबसूरत परिधान तैयार करेंगे, जो पूर्वोत्तर भारत के वस्त्रों की विविधता और आधुनिकता का अनूठा संगम होगा। इस फैशन शो के दौरान रनवे पर प्रदर्शित किए जाने वाले मूगा सिल्क गाउन से लेकर एरी सिल्क के स्टोल, वैश्विक फैशन उद्योग जगत में पूर्वोत्तर के बढ़ते प्रभाव का प्रमाण है।

संस्कृति और फैशन को बढ़ावा देने के साथ–साथ यह महोत्सव, पूर्वोत्तर के आर्थिक विकास का भी एक सशक्त माध्यम है। इस कार्यक्रम के मुख्य घटक जैसे क्रेता–विक्रेता बैठक, निवेशकों के लिए गोलमेज (राउंड टेबल) और पैनल चर्चाएं, पूर्वोत्तर भारत के निर्माताओं, कारीगरों और व्यापारियों को देश–विदेश से आए खरीदारों और निवेशकों के साथ एक मंच पर लाएंगे। यह मंच, कारीगरों और खरीदारों के बीच सीधे संवाद स्थापित करने के साथ–साथ दीर्घकालिक कारोबारी संबंधों को बढ़ावा देने व थोक ऑर्डर प्राप्त करने में भी सहायता प्रदान करेगा, जो इस क्षेत्र के कारीगरों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होगा। यह महोत्सव केवल आर्थिक उत्सव नहीं बल्कि सांस्कृतिक उत्सव भी है। इस उत्सव के दौरान प्रतिदिन पूर्वोत्तर की विविधतापूर्ण और रंग–बिरंगी परंपराओं को दर्शाते सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। साथ ही, स्थानीय बैंड और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम दर्शकों को इस क्षेत्र की समृद्ध विरासत की झलक दिखाएंगे।

यह महोत्सव पूर्वोत्तर भारत की सांस्कृतिक और आर्थिक क्षमताओं को प्रदर्शित करने का मंच मात्र नहीं है, बल्कि इसे राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर स्थापित करने का भी उत्सव है। उत्तर–पूर्वी विकास मंत्रालय इस महोत्सव के आयोजन के माध्यम से पूर्वोत्तर भारत की समृद्ध विरासत को रेखांकित करते हुए व्यापार, निवेश और सहयोग के क्षेत्र में संभावनाओं के नए द्वार खोलने की आशा करता है, जिससे इस क्षेत्र के समग्र विकास में योगदान मिलेगा।

### डाक-टिकट की विशेषताएं

लोगो में प्रयुक्त अष्टकोण ''स्टार ऑफ लक्ष्मी'' से प्रेरित है, जोकि आध्यात्मिकता, भौतिक संपदा, कृषि, राजसत्ता, ज्ञान, साहस, संतान और विजय को दर्शाता है। यह लोगो, पूर्वोत्तर के आठ राज्यों का प्रतीक है तथा धन और समृद्धि की देवी के आठ रूपों की अभिव्यक्ति है। उगते सूरज और अष्टकोण को मिलाकर बनाया यह लोगो, भारत को विकास और समृद्धि की ओर ले जाने में पूर्वोत्तर के प्रत्येक राज्य के योगदान को दर्शाता है।



''सराई'', असम का एक पारंपरिक पात्र है, जोकि आतिथ्य और सम्मान का प्रतीक है। इसका प्रयोग, मेहमानों को ''तामुल पान'' (पान और सुपारी) भेंट करने के लिए किया जाता है। धार्मिक स्थल जैसे ''नामघर'' में, इसे ईश्वर को भोग–प्रसाद अर्पित करने के लिए प्रयोग में लाया जाता है। व्यावहारिक प्रयोग के अलावा सोराई का प्रयोग सम्मान स्वरूप दिए जाने वाले उपहार के रूप में भी किया जाता है।



मेघालय अपने सुनहरे फल – अनन्नास के लिए जाना जाता है। यहां की उत्तम जलवायु और अनन्नास की खेती में कुशल किसानों की बदौलत इस राज्य को दीर्घकालिक कृषि के क्षेत्र में अग्रणी का दर्जा प्राप्त है। मेघालय का अनन्नास, आर्थिक रूप से व्यवहार्य और पर्यावरण अनुकूल अर्थव्यवस्था का प्रतीक है।



बांस, त्रिपुरा की संस्कृति और अर्थव्यवस्था का अभिन्न अंग है। पारंपरिक रीति–रिवाजों से लेकर आधुनिक निर्माण में बांस की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है। यह न केवल घरों को मजबूत बनाता है बल्कि हस्तशिल्प और सतत उद्योगों के माध्यम से स्थानीय समुदायों को सशक्त भी बनाता है।



मणिपुर का राज्य पशु, संगाई एक दुर्लभ एवं सुंदर हिरण है। इसके विशिष्ट सींगों के कारण, इसे अक्सर 'डांसिंग डियर' भी कहा जाता है। संगाई, एल्ड हिरण की एक स्थानीय और लुप्तप्राय उप–प्रजाति है, जो केवल भारत के मणिपुर में पाई जाती है।



मिथुन, या भारतीय बाइसन का सिर अपने विशाल आकर्षक सींगों के साथ धन, समृद्धि और प्रजनन क्षमता का प्रतीक है। मानव और मिथुन के बीच यह अनूठा संबंध नगालैंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है।



मिजोरम का चेराव (चेरो) एक लोकप्रिय नृत्य है, जिसे जीवन के विभिन्न महत्वपूर्ण अवसरों पर उत्साहपूर्वक किया जाता है। इस नृत्य में नर्तक बांस की छड़ियों के साथ प्रकृति की सुंदरता से प्रेरित जटिल पैटर्न बनाते हैं।



ग्रेट इंडियन हॉर्नबिल को अरुणाचल प्रदेश में साहस, परंपरा और पारिस्थितिकी संतुलन का तथा इसकी चोंच को मर्दानगी और वीरता का प्रतीक माना जाता है। यह पक्षी वनों के संतुलन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, अतः इन्हें ''वन किसान'' भी कहा जाता है।



सिक्किम में व्यापक रूप से पूजनीय 'एंडलेस नॉट' (अंतहीन गांठ), शाश्वत ज्ञान और करुणा का प्रतीक है। यह सभी प्राणियों के परस्पर संबंध तथा जीवन, मृत्यु और पुनर्जन्म के अंतहीन चक्र को दर्शाती है। यह पवित्र प्रतीक सामान्यतः आभूषणों, धार्मिक कलाकृतियों और पारंपरिक कलाओं में देखने को मिलता है तथा बौद्ध धर्म की अर्थपूर्ण गहन शिक्षाओं की याद दिलाता है।

डाक विभाग, अष्टलक्ष्मी महोत्सव के अवसर पर, पूर्वोत्तर भारत की समृद्ध सांस्कृतिक और आर्थिक विरासत को दर्शाता स्मारक डाक–टिकट जारी करते हुए गर्व का अनुभव करता है। उत्तर–पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय (डीओएनईआर) द्वारा की गई यह पहल पूर्वोत्तर भारत के आठ राज्यों – अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा की समृद्धि और विविधता का उत्सव है। डाक विभाग द्वारा इस डाक–टिकट के माध्यम से पूर्वोत्तर भारत की अनूठी शिल्पकला, वस्त्रों और परंपराओं को दर्शाया गया है, जोकि सांस्कृतिक आदान–प्रदान, आर्थिक विकास और वैश्विक पहचान में पूर्वोत्तर भारत की अपार क्षमता के प्रतीक हैं।


### आभार :

| | | |
|---|---|---|
| डाक–टिकट / प्रथम दिवस आवरण / विवरणिका / विरूपण कैशे | : | सुश्री गुलिस्तां |
| पाठ | : | प्रस्तावक से प्राप्त जानकारी के आधार पर |


## तकनीकी आंकड़े

**TECHNICAL DATA**

| | |
|---|---|
| मूल्यवर्ग | : 500 पैसे |
| Denomination | : 500 p |
| मुद्रितडाक–टिकटें | : 306250 |
| Stamps Printed | : 306250 |
| मुद्रण प्रक्रिया | : वेट ऑफसेट |
| Printing Process | : Wet Offset |
| मुद्रक | : प्रतिभूति मुद्रणालय, हैदराबाद |
| Printer | : Security Printing Press, Hyderabad |

The philatelic items are available for sale at Philately Bureaus across India and online at http://www.epostoffice.gov.in/PHILATELY_3D.html


© डाक विभाग, भारत सरकार। डाक टिकट, प्रथम दिवस आवरण तथा सूचना विवरणिका के संबंध में सर्वाधिकार विभाग के पास है।

© Department of Posts, Government of India. All rights with respect to the Stamp, First Day Cover and Information Brochure rest with the Department.


मूल्य ₹ 15.00